समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# FIFA World Cup 2026: राउंड ऑफ 16 की सभी टीमे तंय, जानिए किससे होगा किसका मुकाबला

Sanket Morankar
Published on 04 Jul 2026




FIFA World Cup 2026 अब अपने सबसे रोमांचक दौर में पहुंच चुका है। नॉकआउट चरण के तहत **राउंड ऑफ 16** के लिए सभी 16 टीमों का फैसला हो गया है। अब हर मुकाबला 'करो या मरो' का होगा, क्योंकि हारने वाली टीम का टूर्नामेंट में सफर यहीं समाप्त हो जाएगा, जबकि विजेता टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेगी।

48 टीमों के साथ शुरू हुए इस विश्व कप में पहले राउंड ऑफ 32 के मुकाबले खेले गए, जिसके बाद अब केवल 16 टीमें खिताब की दौड़ में बची हैं। इनमें कनाडा, मोरक्को, पराग्वे, फ्रांस, ब्राजील, नॉर्वे, मेक्सिको, इंग्लैंड, अमेरिका, स्पेन, पुर्तगाल, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, मिस्त्र, कोलंबिया और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना शामिल हैं।

### राउंड ऑफ 16 का पूरा शेड्यूल

- **कनाडा vs मोरक्को** – 4 जुलाई, ह्यूस्टन | रात 10:30 बजे
- **पराग्वे vs फ्रांस** – 5 जुलाई, फिलाडेल्फिया | तड़के 2:30 बजे
- **ब्राजील vs नॉर्वे** – 6 जुलाई, न्यू जर्सी | तड़के 1:30 बजे
- **मेक्सिको vs इंग्लैडं** – 6 जुलाई, मेक्सिको सिटी | सुबह 5:30 बजे
- **पुर्तगाल vs स्पेन** – 7 जुलाई, डलास | दोपहर 12:30 बजे
- **अमेरिका vs बेल्जियम** – 7 जुलाई, सिएटल | सुबह 5:30 बजे
- **अर्जेंटीना vs मिस्त्र** – 7 जुलाई, अटलांटा | रात 9:30 बजे
- **स्विट्जरलैडं vs कोलंबिया** – 8 जुलाई, वैंकूवर | तड़के 1:30 बजे

## इन मुकाबलों पर रहेगी सबसे ज्यादा नजर

### पुर्तगाल बनाम स्पेन

राउंड ऑफ 16 का सबसे बड़ा मुकाबला माना जा रहा है। यूरोप की दो दिग्गज टीमें आमने-सामने होंगी और फुटबॉल प्रेमियों की निगाहें खास तौर पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पर रहेंगी।

### अर्जेंटीना बनाम मिस्र

मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना शानदार लय में नजर आ रही है। हालांकि, मोहम्मद सलाह की अगुआई वाली मिस्र की टीम किसी भी बड़े उलटफेर का दम रखती है, जिससे यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

### ब्राजील बनाम नॉर्वे

खिताब के प्रबल दावेदार ब्राजील के सामने अब अर्लिंग हॉलैंड की नॉर्वे की चुनौती होगी। दोनों टीमों के बीच होने वाला यह मुकाबला टूर्नामेंट के सबसे हाई-वोल्टेज मैचों में गिना जा रहा है।

अब सभी टीमों की नजर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने पर होगी। नॉकआउट चरण में एक छोटी सी गलती भी टीम के विश्व कप जीतने के सपने को समाप्त कर सकती है। ऐसे में फुटबॉल प्रशंसकों को आने वाले दिनों में कई रोमांचक और कांटे की टक्कर वाले मुकाबले देखने को मिल सकते हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.